निगम तुहर द्वार अंतर्गत महापौर संग गोठ के तहत महापौर नीरज पाल ने वार्ड 31 का किया दौरा, वार्ड की सबसे बड़ी समस्या सीवरेज का होगा समाधान तथा पाइपलाइन विस्तारीकरण का शीघ्र होगा काम , मेयर नीरज पाल ने मौके पर अधिकारियों को दिया निर्देश

भिलाई नगर/ निगम तुहर द्वार अंतर्गत महापौर संग गोठ के जरिए शिविर का आयोजन आज वार्ड 31 में किया गया। इस दौरान महापौर नीरज पाल ने मोहल्ले के लोगों की समस्याएं सुनी। वार्ड के निवासियों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर सीवरेज की समस्या से महापौर को अवगत कराया। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शीघ्र ही सीवरेज की समस्या का समाधान करने के लिए उचित कार्यवाही करें। अब वार्ड में सीवरेज की समस्या से निजात मिल जाएगा। इसी प्रकार वार्ड के लोगों ने मोहल्ले में पाइपलाइन विस्तारीकरण को लेकर महापौर से इसकी मांग की। महापौर ने शीघ्र ही पाइपलाइन विस्तारीकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं, 2 से 3 दिनों के भीतर में पाइप लाइन विस्तारीकरण का काम वार्ड 31 में प्रारंभ हो जाएगा जिससे पेयजल की समस्या से लोगों को निजात मिलेगा। वार्ड के निवासियों की मांग पर उद्यान के जीर्णोद्धार , नाला का चैनेलाइजेशन और सड़क को ठीक करने का प्राक्कलन भी तैयार किया जाएगा। इसके लिए भी महापौर ने अधिकारियों को मौके पर निर्देशित किया। शिविर में निगम आयुक्त रोहित व्यास , जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर , जोन अध्यक्ष जलंधर सिंह , स्थानीय पार्षद प्रियंका भोला साहू विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , कार्यपालन अभियंता वेशराम सिन्हा , उप अभियंता वीरेंद्र गुप्ता एवं अमित एक्का आदि मौजूद रहे। शिविर में आवेदन लेकर पहुंचे लोगों की समस्याओं को महापौर ने गंभीरता से सुना और पूरे समय तक शिविर में मौजूद रहे। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक आवेदनों का परीक्षण करते हुए निराकरण किया जाए। त्वरित समाधान योग्य आवेदन पर शीघ्रता से कार्यवाही की जाए। शिविर में प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री मितान योजना , आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, सामाजिक